साक्षी समाचार

# नकली सर्टिफिकेट बेचने वाला गिरोह गिरफ्तार, रबर स्टैम्प, कंप्यूटर और स्कैनर जब्त

Aug 03, 2019, 13:37 IST



**नकली सर्टिफिकेट गिरोह का सूत्रधार हस्मतुल्ला**

**हैदराबाद :** नकली सर्टिफिकेट बनाकर बेचने वाले गिरोह के सूत्रधार के साथ अन्य पांच लोग पकड़े गए जो इसे बेचते थे। शुक्रवार को नॉर्थजोन टास्कफोर्स पुलिस ने इस गिरोह को गिरफ्तार किया।

टास्कफोर्स के डीसीपी राधाकिशन राव ने इस विषय पर बताते हुए कहा कि मीरपेट, आरएनरेड्डी नगर के रहने वाले हस्मतुल्ला ने दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम से डिग्री हासिल की। उसके बाद अपने रिश्तेदार के साधन वोकेशनल कॉलेज में कुछ दिनों तक फैकल्टी के रूप में काम किया।

वह खुद की दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम के तहत कॉलेज बनाना चाहता था।

कुछ दिनों में वह कई वोकेशनल कॉलेज के प्रबंधन से परिचित हो गया, जहां उसने विभिन्न विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों के साथ विभिन्न राज्यों से दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम प्रदान करने वालों से संपर्क विकसित किए।

2009 से 2014 तक उसने स्कोप के नाम से हिमायतनगर में वोकेशनल जूनियर कॉलेज शुरू की। फिर उसने चारमीनार क्षेत्र में चारमीनार कॉलेज नामक एक दूरस्थ शिक्षा केंद्र स्थापित किया।

इस कॉलेज में वह भोलेभाले व जरूरतमंद छात्रों को दाखिला देता और फिर कई यूनिवर्सिटी के फर्जी सर्टिफिकेट लाखों रुपये वसूलकर उन्हें दे देता।

उसने बैंगलोर विश्वविद्यालय, दिल्ली में कलिंगा विश्वविद्यालय और राजस्थान में निम्स विश्वविद्यालय से संबंधित प्रमाण पत्र बनाने और वितरित करने के लिए एजाज और संदीप को एजेंट नियुक्त किया।

उसके पास जो लोग सर्टिफिकेट के लिए आते वो उनका डाटा कलेक्ट करके एजाज और संदीप को भेजता। वो किसी विश्वविद्यालय का नकली सर्टिफिकेट बनाकर कुरियर से उसको हैदराबाद भेज देते।

बी कॉम, एम कॉम, एम ए, बीटेक, बीबीए, बीएससी, इंजीनियरिंग, डिप्लोमा सर्टिफिकेट 30,000 से लेकर 1.5 लाख तक लेकर बेचते थे। इस पर गुलबर्गा, हैदराबाद के मुगलपुरा के थाने में दो केस दर्ज हुए हैं।

शुक्रवार को चारमीनार कॉलेज में सय्यद अदनान अरीफ, अब्दुल्लाह सलीम, मंसूराबाद का रहने वाला संदीप, मोहम्मद शा अकरम अली, मोहम्मद कलीमुद्दीन ने नकली सर्टिफिकेट देने की शिकायत नॉर्थजोन पुलिस से की।

तब नॉर्थजोन टास्कफोर्स के इंस्पेक्टर नागेश्वर राव के नेतृत्व में छापे मारे गए और पांच लोगों को गिरफ्तार किया।

पुलिस को यहां छत्तीसगढ़ की कलिंग यूनिवर्सिटी के नाम पर 45, बेंगलुरु यूनिवर्सिटी के 30, निम्स यूनिवर्सिटी के नाम से 5 नकली सर्टिफिकेट, चारमीनार कॉलेज के पर्चे, छात्रों के बायोडेटा, रबर स्टैम्प, कंप्यूटर और स्कैनर जब्त किए गए।

आगे की कार्रवाई के लिए आरोपियों को मोगलपुरा पुलिस को सौंप दिया गया।

Source: https://hindi.sakshi.com/crime/2019/08/03/fake-certificates-gang-arrested-in-hyderabad